एक सेठ तीरथ करण नैं गयो। अर सिनान संपाड़ो कर कै बामण जिमावण री त्यारी करी। तीरथ पर एक बामण नैं कह दियो कै पाँच-सात बामणों नैं सागै लेयर जीमण आज्यावै। एक जाट आ बात सुण ली। थोड़ी देर पछै जोर री आंधी आई। जाट खुद बामण रो भेख कर्‌यो और इणी भेख में पांच-सात जाट सागै लेयर आ पूग्यो। सेठ वां नैं बामण समझकर सम्मान सैं जिमाया अर दिछणा देयर विदा कर्‌या। थोड़ी देर पछै नूंत्योड़ो बामण आपरा साथी लेयर पूग्यो। सेठ चकरायों। बात परगट हुई अब सेठ बोल्यो—

आंधी आई मिलग्या पाट, नूंत्या बामण जीमगा जाट।
आ रै म्हारा सम्पटपाट मैं तनैं चाटूं तूं मनैं चाट॥

(२)

सराधां रा दिन हा। एक फकीरां रो छोरो देखी कै बाम्हणां रै तो मोज हो रैयी है। एकर तो आपां भी सराध जीमां। छोरो बाम्हण रो भेख कर लियो अर गांव में फिरै। एक लुगाई नूंतो दे

४

दियो। अर छोरै ने घरे ले जायर आसण पर बिठा दियो। आप रसोई में जायर बोली, "म्हाराजजी, होते कढाय दो।" अब छोरो के करै ? हांते के हो ? वो सोचकर बोल्यो —

दोय तीन तो टिक्कड़ धर दे, ऊपर धर दे खीर।
तेरा मुरदा भिस्त जायगा, स्हाय करैगा पीर॥

नयो सिंलोक सुणर लुगाई चकराई, ओ तो बामण कोनी। लाठी उठाई तो छोरो भागो।

(३)

ठाकर परस में बैठ्या हा। ओर लोग भी बैठ्या हा। ठाकरां रै कंवर जलम्यो। घर में एकदम घाटो। बांदी परस में आयर ठुकराणी रो सन्देसो सुणायो—

परस पियाजी घर चलो, घर आया मिजमान।
सरबत दीन्यो घोळकर दो दीन्या हलवान॥

ठाकर समझ्या कोनी। बांदी फेर बोली—

हलवानां हड्डी नहीं, मिजमानां नहीं दन्त।
इण रो अरथ विचार कर, घरे पधारो कन्त॥

(४)

एक डूमणी जजमानां रै ब्याह में गई। आपरो भाखलो गोखै पर धर कर घर में जा बैठी। कीं हाथ पड़्यो कोनी। पाछी वारणै आयर देखै तो कोई उचक्को भाखलो भी उठायर चालतो बण्यो। डूमणी बोली—

आई ही कीं ओर नैं, होय गई कीं ओर।
बखल गमायो गांठ रो, देख चली टमकोर॥

(५)

दोय डूमणी मेळै जावै ही। एक डूमणी थूक दियो। दूसरी बोली—"ओ के कर्‌यो? बिना ताल ही थूक दियो?" पहली बोली, "थूकणो ताल मैं कैयां होवै?" दूसरी ताल में थूक कर बतायो—

अचक पचक धिना नागड़्दी नागड़्दी धिना, थूह।

(६)

एक ठाकर कमेड़ी मार कर बीर बणगो। पछै एक तीस्यो गादड़ो मार लियो। अब हिम्मत बधी। एक दिन नाहर रा खोज देख लिया अर सिकार करण नैं खोजां-खोजां चाल्यो। एक जणो सारी बात जाणै हो, बो टोक कर बोल्यो—

दाणां चुगती मोडी मारी, गादड़ मार्‌यो प्यासो।
अबकै खोज बड़ा का लीन्या, जड़ामूळ सैं जास्यो॥

(७)

एक जाट अर मियों गैलै जावै हा। मियों बोल्यो, हिन्दू जात खराब है। आदमी नैं मर्‌यां पछै जला देवै। म्हे बाळां कोनी, जमीं मांय धर देवां, जिको रात नै फरिस्तो आवै अर बात करै। जाट पड़ूत्तर दियो—

बोली बोली को आंतरो, बोली बोली को फरक।
थारै कैवै फरिस्तो, अर म्हारै कैवै जरख॥

(८)

सियाळो भोत जोर पर हो। दो डूम गोडां में सिर दियां रात काटै हा। थोड़ी देर पछै सीळी पून चाली, जद डूम धूज उठ्या एक डूम बोल्यो—

डूंगर पर सै दावो उतर्‌यो, पैर बनाती जूता।
पून पापणी यूं उठ बोली, अै कूणै में सूता॥

(९)

एक डूम सारी रात गोडां में सिर देकर सी-मरतो बिता दी। दिन उगतां ही तावड़ै में आयर बैठ्यो अर जाडै नैं बोल्यो—

च्यार ओढूं, च्यार बिछावूं धूणी बाळूं ताजा।
इसो मरद रो बच्चो है तो, दोफारी में आज्या॥

(१०)

एक डूम दूसरै गांव गयो। सियाळै रा दिन हा। रात पड़ी तो एक कूवै कनैं बैठगो। चांद उग्यो। डूम चांद नैं देखर बोल्यो, "वो ऊग्यो सूर रो भाई भूर! अब सी नेड़ै ई को आवे नीं।" आप री सोड़ ओढर डूम खेळ में बड़गो। थोड़ी रात गयां एक चोर आयो अर डूम री सोड़ अर सारंगी लेयर भाजगो। डूम सारी रात सी मर्‌यो। दिन उगे सूरज नैं देखर डूम बोल्यो—

उग रै म्हारा सूरज भाया,
थां ऊग्यां, ऊबरसी काया।
रात नैं ऊग्यो हो एक लपोड़,
दिवा दी म्हारी सारंगी-सोड़॥

(११)

एक आदमी एकदम गरीब हो। दिनां रै फेर सैं बो भागवान होयगो। एकर एक जान में गयो। मांडै ह्राळा सीरो कर्‌यो। बो जीमण बैठ्यो जद बोल्यो, "सीरो तो म्हारै गरमी करै।" एक मांडेती पुराणो जाणकार हो। बो बोल छुट्यो—

चावळ मिलता ल्हास में, होळी दिवाळी तेल।
अब सीरो गरमो करै, देख दई का खेल॥

(१२)

जाट अर मियो पाड़्‌योसी हा। एक बार काजीजी रुसगा अर मिंये रै घरां फातिहा दिवावण कोनी आया। जाट बोल्यो—"के बात है, फातिहा मैं दिवा देस्यूं। जाट फातिहा रा कुंडा कर बोल्यो—

तनैं फातिहा, मनैं फातिहा,
फातिहा पड़ी पुकारै।
ल्होड़ियो कूंडो तूं ले ले,
अर बडोड़ो धरया म्हारै॥

(१३)

एक डूम री घोडी लोगां रा खेत चरती लोग डूम पर दया करता अर घोड़ी नै बांधता कोनो। एक दिन घोड़ी ठाकरां रै खेत में बड़गी। ठाकर घोड़ी नै बांधर बद-रूप कर दी। घोड़ी घरां आई, जद डूम देखर बोल्यो—

पूंछ कतरी, आल कतरी, कतर्‌या बाळ कपाळ रा।
घोड़ी खेत घणां रा खाया, पण गुरू मिल्या गोपाळ रा।।

(१४)

एक बारठ रै घर मैं घाटो हो। मोठां री रोटी खातां-खातां एक दिन मन में विचार कर्‌यो, कै ठाकरां रै चालर घी-गीहूँ तो खाकर आवां। बारठ चाल पड़्‌यो अर ठाकरां रै पुंच्यो। ठाकर विचार्‌यो, आप रै घरांही बारठजी गींहू री रोटी खाता हुसी। अठै रा मोठ नांवजादीक है। बारठजी नैं मोठां री रोटी करायर नईं चीज खुवावां। बारठजी तांई थाळ आयो, जद रोटी मोठां री! बारठजी माथै रै हाथ लगायर बोल्या—

कीं करणी, कीं करमगत, कीं भावी रा खोट।
गीहूँ नैं उमग्यो फिरयो, लिख्या करम में मोठ।।

(१५)

एक ठाकरां रै बारठजी मेहमान हुया। बारठजी नै डेरो दिवायो। पण जद भी बारठजी ठाकरां सूं मिल्या तो वां नैं पाणी खातर ही पूछ्‌यो अर जीमण री चर्चा ही कोनी चाली तो आखर कविवर ठाकरां नैं यां दूहो सुणायो—

पाणी पिवो परभात, दोफारां पाणी पिवो।
ब्याळू री नहीं बात, संझ्या ही पाणी पिवो।।

(१६)

एक बारठजी रै घर में भारो तंगी ही। एकर वै ठांकरां री कोटड़ी आया। भूख जोर सूं लागरी ही। ठाकर कोटड़ी में हा

कोनी। ठुकराणी बारठजी तांणी पतळी-पतळी रोटी पोई अर जीमण नैं बिठाया। आप ठुकराणी ऊपर झरोखै में बैठगी, बारठजी सूं बडाई सुणस्यूं। बारठजी भूख मरै हा। पतळी रोटी रा कई टुकड़ा तोड़ै जद सांस आवै। बारठजी नैं झाळ आई। बै ठुकराणी री या बडाई करी—

पतळा - पतळा फलका पोया,
दे दे तूंको पाणी रो।
बैठ झरोखै झांकण लागी,
बाळू मूंह ठुकराणी रो॥

(१७)

बारठजी ठाकरां री कोटड़ी आया। सनमान पायो। भांत-भांत री कविता सुणाई। ठाकर बोल्या, "कोई म्हारी भी सुणावो।" बारठजी बोल्या, "थारो कोई वीरता रो काम बताओ तो थारी भी सुणाद्यां।" ठाकर बोल्या, "एक दिन म्हे सुपनै में तलवार म्यान सूं काढी पण क्यां रै मारी जिकी याद कोनी। बारठजी कविता सुणाई।

सुपनैं मैं सेखै के पोतै, झट्ट म्यांन सैं लीनी।
आखड़तै पड़तै ळळबळिए, क्यां कै तो दीनी॥

(१८)

एक बारठ रै घर में घाटो हो। नाज निमड़तो देखर कोथळी में चून घाल्यो अर दूसरै गांव खातर बहीर हुयो। आगै एक गांव

में ठाकरां री कोटड़ी पूग्यो। ठाकरां रै घर में भी रोटियां रा ही सांसांहा। आखर बारठ आप री चून री कोथळी देई अर रोटी करवाई। ठाकरां री बाई रोटी करती वेळा थोड़ो सो चून आप खातर ल्हको लियो। बारठ ठाकरां री बेटी नैं चून चोरतां देखली पण चुप रैया। अन्त में चळू कर कै आपरी कोथळी हाथ में लेई अर बोल्या—

कोथळ क्यूं तू ऊणमणो, क्यूं तेरो ढोलो गात।
केतनैं कुत्ता फंफेड़ियो, के लाग्या बाई जो रा हाथ॥

(१६)

एक गांव में बावाजी आया। लोग चोखो आदर दियो। खेतां रा सिट्टा पाक्योड़ा हा। बाबोजी रात पड़्यां नीसरता अर गांव रै बारै कोई गधो पकड़ लेता। पछै गधै पर चढ्या चढ्या खेतां रा सिट्टा तोड़ ल्याता। खोज देखर खेत रो धणी सोचतो गधेड़ो आयर रात नैं नुकसान करै है। एक रात जागकर खेत में निगै राखी अर बाबाजी रा ढंग देखर बोल्यो—

गटमण गटमण माळा फेरै, अे तो काम सिधां का।
ऊपर सूं बावोजी दीखे, नीचै खोज गधां का॥

(२०)

एक जाट आप रै घर में नया ठांव कराया। आंगणै में एक कीकर खड्यो हो। जाट विचार कर्यो, "ओ कीकर कटायर ठांवां रै किंवाड़ करवा लेवां।" पण वें कीकर नैं गांव रा लोग खेतरपाळ थरप राख्यो हो। जाटणी नटगी, खेतरपाळ रो कीकर कोनी

कटावां। जाट अकल उपाई अर दिन उगतां ही उठर जाटणी नैं बोल्यो—

आज रात नैं खेतरपाळ आपणै घर रो कीकर छोड़ दियो अर फळसै रै वारणै कैर में चल्या गया है। जाटणी ई वात रो खुलासो पूछ्यो तो जाट बोल्यो, "रात खेतरपाळ कीकर में सूं परगट होयर मनै दरसण दिया जद मैं अरज करी—

खेतरपाळ बलिहारी थारै, थोड़ो सो कारज अड़्यो म्हारै।
कीकर छोडर कैर पधारो, इतरो कारज सारो म्हारो॥

अर खेतरपाळ मेरी अरज मान लीनी। जाटणी राजी हुयगी अर जाट कीकर कटायर किंवाड़ करवा लिया।

(२१)

सूमण आप रै धणी सूम नै उदास देखर बोली—

सूमण पूछ सूम नैं, किण विध मुक्ख मलीन।
के गांठी सैं गिर पड़्यो, के काहू नैं दीन॥

सूम जवाब दियो—

नां गांठी सैं गिर पड़्यो, ना काहू नैं दीन।
देतां देख्या ओर नैं, इण विध मुक्ख मलीन॥

(२२)

एक बूढो जाट मोटी सी पोथी देखर बोल्यो—

कक्कै रा छत्तीस आंक, वैही सारो जगां।
बडा बडा पोथा लिख्या, म्हारै मटै ठगां॥

(२३)

एक जणै रो नांव सुक्खो हो। बो दिन उगे उठतो, अर हुको त्यार करतो। एक जणो नेम सैं आकर हुक्को पीवण लागो। सुक्खो सोची, "नित री नित ओ मुलायजो कैयां सधै? ओ चिलमचट्टू तो फटकार खायर मानसी।" एक दिन दोनूवां रा ये सवाल जवाब हुया—

क्यूं ताऊ सुक्खा अठै नहीं है हुक्का।
अै टाबर आपरा नहीं के तेरै बाप रा॥
जुग जुग जीवो मरो चाहे जीवो।
अब भरो अर पीवो।

(२४)

बिलासी गांव बारठजी नैं सासण में मिल्योड़ो हो। पण बठै खारो पाणी हो, इं कारण गांव बढोतरी कोनी कर पायो। इसी हालत में एक जणो बारठजी नैं बोल्यो कै आप छापर, जिन्दासर जिसा गांव न लेयर या खारै पाणी री बिलासी सासण में क्यूं लेई? जद बारठजी आप रै गांव री महिमा इण भांत गाई—

छापरड़ी दोय टापरड़ी, जिन्दाणै घर च्यार।
ऊँचे मगरै बीलपुर, म्हारो सांभर रै हुणियार॥

(२५)

एक बारठजी रै घर में घाटो हो। मोजरा दिन देखण खातर जजमानां रै आगरै पूंच्या। बो देस री चीज सोचर बारठजी

खातर राबड़ी त्यार कराई गई। जीमण रो थाळ आयो, जद बारठजी बोल्या –

राब तिहारो रोस, बैरण कदे न बीसरूं।
छोडी तो सौ कोस, आण पहूँची आगरै॥

(२६)

एक डूम अर डूमणी आपस में झगड़ो करकै बोलणो बन्द कर दियो। पण लोग-लुगाई रो बोले बिना निभाव किण भांत हुवै। एक रात डूम री मनस्या हुक्को पीवण री होई। कोठै में अंधेरो अर दीवै रो जोगाड़ कोनी। डूम कोठै में वड़्यो तो आखड़ कर पड़्गो। पछै बारणै आयर बोल्यो—

बोलां नहीं, चालां नहीं, घर में आंधा-घुप्प।
पड़कर गोडा फोड़ लिया, कठै पड़्यो है हुक्क॥

डूमणी जबाब दियो—

बोलां नहीं, चालां नही, घर में आंधा-घुप्प।
चुल्है पाछे आळो है, बठै पड़्यो हैं हुक्क॥

(२७)

राजस्थानी नारी-समाज में 'होई' रै बरत पर पूरो ध्यान दियो जावै है। लुगायां माटी री होई बणायर पूजै अर कहाणी सुणै। इण विधान पर एक लोक-कवि कंयो है—

आप ही लीपै, आप ही पोतै
आप ही मांडै होई।

इण होई पा बेटो मांगै,
तेरै हियै की क्यूं खोई ।।

(२८)

एक ठाकर कनैं बारठजी बैठ्या हा अर खवास कासण मांजै हो। बारठजी नैं देखर खवास बोल्यो —

नाई मत कर चतुरभुज, चारण कर ओ नाथ।
राखूंडै में बैठ्यो रैवै, जूठण उपरां हाथ ।।

नाई रा बोल सुणर बारठजो बोल्या—

चारण मत कर चतुरभुज, नाई कर ओ नाथ।
आधी गादी बैठगो, मस्तक ऊपर हाथ ।।

(२९)

चारण अर भाटां रै झगड़ै री बात पुराणी है। एक बार एक भाट बिगड़ कर एक चारण नें तानो मार्‌यो -

चारण, चींचड़, चुरणिया, खटमल जेया जूं।
मैं पूछूं करतार नें, (वो) इता बणाया क्यूं ।।

चारण तत्काल उत्तर दियो —

भाट, टाट, गाडर, गंडक, सब कोई रै होय।
चारण, चंवर, चतर नर, गढपतियां रै होय ।।

(३०)

हळां री रूत में रावत रोळो कर्‌यो—"म्हारै हळ आया, म्हारै हळ आया।" जद पाड़ोसो सांचली सुणाई—

रावतिए रै नौ हळ आया, साढ़े आठ पराया।
आधै हळ में चोथी पांती, हळ रावत रै आया।

(३१)

एक चमार रै सगो आयो। रात रो वखत। कपड़ा हा कोनी। कठै सुवावै! सगै नैं धूणी पर बैठा दियो अर चमारी नैं बोल्यो—

धावळियो तो तळै बिछावो, चांदा छानी ओढो
म्हे अर सगोजी बातां करस्यां, थे घर में जा पोढो॥

(३२)

एक डूमणो आपरी गाय बेचर घोड़ो मोल ले लियो। अब दूध-दही तो ल्हुकगा अर घास ल्यावण रोही में जाणो पडै। जद पिसतायर बोली—

दूध दही सैं धापगी, चढ़वा नैं मन चाल्यो।
ठाली बैठी डूमणी, घर में घोड़ो घाल्यो॥

(३३)

एक भोजन-वीर री वात सुणर लोग भोत सुख मानै—

जे कोई घालै राब सिळाई।
तो दो कोस री के ऊँळाई॥
जे कोई घालै खीचड़ खाटो।
तो पांच कोस रो के आंटो॥
जे कोई घालै चावळ-भात।
तो दस कोस री के ही बात॥

जे कोई घालै दाळ-बाटी।
तो चढ जावै डूंगर री घाटी॥
जे कोई घालै लाडू-पेड़ा।
तो लांघ ज्या देस, लांघ ज्या खेड़ा॥

(३४)

घणखावू लोगां री बात सुणर घणो आनंद आवै। एक लुगाई आपरी नणद नैं बोली—

साठां कोसां लापसी, सोवां कोसां सीरो।
कान पड़्यो छोडै नहीं नणद बाई थारो वीरो॥

(३५)

एक सन्तोखण लुगाई री बात सुणो—

एक सेर री सोळा पोई, सवा सेर री एक।
आप निगोड़्यो सोळा खाग्यो, मैं संतोखण एक॥

(३६)

मालण अर कुम्हारी सीर म ऊँट भाड़ै करयो। बोरै में एक कानी मालण घाल्यो साग पात अर दूजै कांनी कुम्हारी घाल्या घड़ा-हांडी। दोनूं दूसरै गांव बेचण चाली। गैलै में ऊँट आपरी नाड़ फेरै अर मालण रै साग पात पर मुंह मारै। आ बात देखर कुम्हारी हांसी। जद मालण कैयो—

हड़हड़ हँसै कुम्हार की, मालण का चर रह्यो बूंट।
तूं के हंसै कुम्हार की, जांणै किस करवट बैठै ऊंट॥

(३७)

शेखावाटी रा कई ऊकारान्त नांव—वाला गांव-नगर आज पुरसवाचक मान्या जावै है पण पैली वे स्त्रीवाचक ही मान्या जावता ।

कांदा खाया कमधजां, घी खायो गोलां ॥
चूरू चाली ठाकरां, बाजंते ढोलां ॥ १ ॥
स्यामा सूरजमाल रा, शेखां घरां सपूत ।
सांखु नै सीधी करी काढलो भोमो भूत ॥२॥
सतरा सौ सत्तासिया, अगहन मास उदार ।
सादै लीनो झूंझणूं, सुद आठैं सनिवार ॥ ३ ॥
मतो कस्यो मोतीसिंघ ठाकर, कोलिंडो कूटूं ।
भली करी माल्याळा ठाकर, लुटवा दी लूटूं ॥ ४ ॥
बसो बिसाऊ चौगुणो, फोज न आवै फेर ।
बदस्यावां मालम पड़ी, स्याम तणी समसेर ॥ ५ ॥

(३८)

एक भील खेत बावण खातर चाल्यो अर सोनचीड़ी रा सूण लेवण रो विचार कस्यो । पण सोनचोड़ी तो बांई बैठी ही । भील भागर उण नैं दाहणो लेवण री चेष्टा करी पण वा उडर दूर चली गई । भील सूण लेवण नैं फेर भाग्यो पण सोनचीड़ी फेर उडगी । यूँ करतां घणी बार होई तो आगै भील नैं एक लेल्ही दाहणी बाजू बैठी मिली भील लेल्ही नैं देखर बोल्यो—

कबरको चीड़ी नैं जाण दे, तूँ आ म्हारी ल्हेलां।
ऊपर होवै बांजरी, अर नीचै होवै वेलां॥

(३६)

एक डूमां री छोरी रो ब्याव राजा रै सागै हुयग्गो। राजाजी नई राणी रो घणो सनमान करता। राणी आप रो थाळ महल में मंगवाती अर भीतर सैं सारी खिडकियां अर किंवाड़ बंद कर एकली बैठती। पछै फलका आळै में धर कर हाथ जोड़ती अर कैवती—"जजमान, रोटी देवो।" कई दिनां पछै राजा नैं पूरी बात रो वेरौ पड्यो, जद डूमणी नै पार करी।

जात सुभाव न जा कदे, मांग्योड़ो खावै।
जे राणी हो डूमणी, तो आळै धर खावै॥

(४०)

एक वाणियो कमायर आप रै घरां आवै हो। गैलै में एक गांव आयो अर रात हुई, जद कुम्हारी रै घर में बासो लियो। बाणियो धन री रुखाळी में सारी रात जागर काटी अर कुम्हारी मोज में सोई। दिन ऊगो बाणियो बोल्यो—

सुख सोवै कुम्हार की, चोर न माटी लेय।
गधियो बांध्यो खाट रैं, चाक सिरहाणै देय॥

—

पशु-पक्षी

वन में दव लागी। एक रूंख पर हंस रैवतो। लाय देखर रूंख हंस नैं बोल्यो—

लाय लगी वनखंड में, दाझ्या चन्नण वंस।
म्हे तो दाझ्या पंख बिन, तूं क्यूं दाझै हंस॥

हंस पडूत्तर दियो—

पान मरोड़्या रस पियो, बैठ्यो एकण डाळ।
थे दाझो, म्हे उड चलां, जीणो कितोक काळ॥

(२)

एक वार सरवर अर हंस री आपस में नाराजगी होई। सरवर बोल्यो—

जावै तो बरजूं नहीं, आवै तो आ ठोड़।
हंसां नैं सरवर घणा, सरवर हंस किरोड़॥

हंस रूस कर जावण लाग्यो। पण सरवर री सोभा हंस सैं अर हंस री सोभा सरवर सैं। सरवर फेर समझायर बोल्यो—

हंसा, सरवर ना तजो, जे जळ खारा होय।
डाबर-डाबर डोलतां, भला न कहसी कोय॥

(३)

एक आदमी कोयल नैं बोल्यो—

कोयल, बोल सुहावणा, बोलै इमरत बैण।
किण कारण काळो हुई, किण गुण राता नैण॥

कोयल पडूत्तर दियो—

बागां-बागां मैं फिरी, कठै न लाध्या सैण।
तड़फ-तड़फ काळी हुई, रोय रोय राता नैण॥

(४)

एक लुगाई मोर देख कर बोली—

परबतिये का मोरिया, डूंगरिए का राव।
गळ घालूं तेरै घूघरा, आंगण चुगबा आव॥

मोर पडूत्तर दियो—

आंगण तेरो खुड़दड़ो घर में बोड-बिलाव।
देवर तेरो लाडलो, करसी म्हां पर घाव॥

लुगाई पाछी बोली—

आंगण कळी फिरायद्यूं, मारूं बोड बिलाव।
देवर पर कामण करूं म्हारै आंगण आव॥

(५)

एक विरहण मोरिए नैं बोली—

सिर काटूं रै मोरिया, काटूं सिर रो फूल।
आधी रातां गहकियो, हिवड़ै पड़ी ज हूल॥

मोरियो पडूत्तर दियो—

म्हे डूंगर रा मोरिया, कांकर पेट भरांह।
रूत आयां बोलां नहीं, तो हिवड़ो फाट मरांह॥

(६)

एक पपैये पर वन में बडो संकट पड्यो—
पप्पीहा बड ढंखरो, ऊपर खिंवै सिंचाण।
आहेड़ी सर संधियो, किण विध बचै पिराण॥
बिचारो पंछी भगवान नै सुमरयो भगवानभगत रा प्राण उबारया—

आहेड़ी डसियो भंमग, धुर डिग छूट्यो बाण।
लाग्यो जाय सिंचाण कै, जै जै दयानिधान॥

(७)

एक सूवो उडतो-उडतो एक नये वन में आयो अर घणा सोवणा फळ लटकता देखर चांच चलाई पण बै फळ तो खुजली पैदा करणिया हा। सूवै रै खाज चाली जद बो घबरायर बोल्यो—

उण वन रो सूवटो, इण वन कदै न आवै।
भूल्यो-चूक्यो आवै तो, लटकण-फळ नां खावै॥

(८)

सांझ रै बखत चकवी रो वियोग देखर एक पणिहारी बोली—

सांझ पड़ी दिन आथक्यो, चकवी भयो वियोग।
पणिहारी यूं भाखियो, ये विधना का योग॥

पणिहारी रो बोल सुणर चकवी जबाव दियो—

जा पणिहारी भर घड़ो, कर न पराई बात।
जिको तिहारो दिन हुयो, तिको हमारी रात॥

(६)

वन में एक केतकी रो झाड़ हो। बठै एक भँवरो रहतो। एक बार भँवरो थोड़ी सी देर दूर गयो, गैल सूँ दव लगी अर केतकी रो झाड़ बळर राख होयगो। भंवरो पाछो आयो तो भोत दुखी होयो अर झाड़ री राख में लोटण लाग्यो। इतरै में ही च्यार लुगायां बैठे सूँ नीसरी अर भंवरै री या लीला देखर एक बोली—

बाग नहीं, नां बावडी, फूल नहीं परसंग।
गहलो भंवरो बावळो, राख रमावै अंग॥

दूजी उत्तर दियो—

पैंली ही आ केतकी, रैंतो वां रै संग।
दव लागी तो जळ गई, अब राख रमावै अंग॥

तीजी बोली—

प्रीती हो तो क्यूँ रह्यो, बळियो क्यूं नां संग।
गहलो भंवरो बावळो, अब राख रमावै अंग॥

चौथी उत्तर दियो —

होतो तो रहतो नहीं, बळतो वां रै संग।
प्रीत पुराणी कारणै, ओ राख रमावै अंग॥

(१०)

एक सिंघ बूढो हुयगो। चाल्यो जावै कोनी भागणो तो दूर। जद एक तळाब कनै आयर बैठगो। अब भूख लागै, जद कनैं आवै जिकै मींडक्कां नैं मारणा सरू कर दिया। घर-धणो री आ हालत देखर सिंहणी समझावणी दी —

सिंघणी कैवे सिंघ नैं, आ ओछी मत धार।
इण हाथां हाथी हत्यो, अब मींडक मत मार॥

(११)

एक संघ दूसरै गांव जावै हो। मारग में एक तळाव आयो। दो लुगायां पाणी पीवण चाली। पाणी सूक चुक्यो हो। चोभी में थोड़ो सो आलेड़ो हो। कनैं ही एक हिरण अर अेक हिरणी मर्‍या पड़्या हा। एक लुगाई बोली —

खड़्यो न दीखै पारदी, लग्यो न दीखै बाण।
मैं तनैं पूछूं हे सखी, किण विध तज्या पिराण॥

दूसरी पडूत्तर दियो —

जळ थोड़ा, नेहा घणा, लग्या प्रीत का बाण।
तूं पी, तूं पी, करत ही, दोनूं तज्या पिराण॥

(१२)

साल्ही जाटणी रै 'मणियार' नांव री एक भोत आछी भैंस ही। एक बर मणियार भैंस खोयगी तो साल्ही भोत दुख कर्‍यो। अब वा यो नेम ले लियो कै कोई भी बटाबू घरां आवै जद उण नैं कैवै कै जठै भी भैंस्यां बैठी मिले तो यो दूहो सुणाय देवै—

काठो भस्यो बुहाणियो, सुरंगी सागण वार।
साल्ही तणो संदेसड़ो, सांमळजे मणियार।।

एक चारण नैं भी साल्ही या ही बात कैयी अर बो चारण भैंस्यां नैं ऊपरलो दूहो सुणावतो फिर्यो। एक दिन संजोग इसो हुयो कै चारण तो भैंस्यां नैं यो दूहो सुणायो अर एक भैंस खड़ी हुई। जद वा भैंस चाली तो उण रै बाग री दूजी भी सगळी भैंसा लार हुयली। वा मणियार भैंस ही। सगळी भैंस्यां ने लार लेयर साल्ही रै घरां आ पूगी।

(१३)

वन में हिरण पारधी री राग पर मस्त होयो, जद हिरणी बोली—

सुण काळा कामण कहै, सींगाळा भड़मल्ल।
आप हुया वस राग रै, हिरण्यां कोण हवल्ल।।

हिरणी रा बोल सुणर हीरण जबाब दियो—

सरप रिझ्यो पकड़ाय ले, म्रिग रीझ्यो खा मार।
नर रीझ्यो कुछ दे नहीं, वां रो धिक्क जमार।।

पछै हिरण पारधी नैं बोल्यो—

मो सींगन रो नाद कर, मो तुच तळै बिछाय।
मो आंतन री तांत कर, गांव गांव तूं गाव।।

(१४)

एक जाट रै भैंस रो नांव भूरी अर बळद रो नांव कूंभो हो। जाट भैंस री सार करतो अर बळद नैं भूखो राखतो। बरखा री

रूत आई। हळ वावण रै वखत कुंभै नैं बुलायो जद कुंभो बोल्यो—

खळ काकडा भूरी खाती, घी को देती लुम्भो।
इन्दरियो घररायो जद अब, याद आयो तनैं कूंभो॥

(१५)

एक विणजारै रो सब सूं घणो मजबूत बळद आगै चालतो अर वैं रै गळै में टोकरो (घंटो) बाजतो। जद बळद एकदम बूढो हुयगो तो आप रै मालिक बिणजारै नै बोल्यो—

कान टळाटळ खुर बिटळ, सींगां छोडी संध।
ले सांई, ओ टोकरो, ओरां रै गळ बंध॥

(१६)

चालतां-चालतां एक कूंजड़ै रो बळद बैठग्यो। जद कूंजड़ो बोल्यो—

अबकै मजल पुगा भई डूंडा।
गुवांर का देवूंगा दोय कूंडा॥

बळद जवाब दियो—

तेरै घरां नार कुनार।
घालै तुस बतावै गुवांर॥

कूंजड़ो फेर बोल्यो—

डूंडो बळद पाट की थई।
चाल रै डूंडा सांझ हुई॥

बळद फेर जबाब दियो—

थैया थैया सिर पर धरो।
आ मजाक ओर कठै करो॥

(१७)

एक घोड़ी बूढी हुयर कोई कामरी नीं रैयी जद वैं रो धणी खुली छोड़ दी। विचारी घोड़ी भूख मरती आपरी जिन्दगी सैं तंग आयगी। संजोग सैं एक दिन घोड़ी नैं भगवान् मिलगा। घोड़ी अरदास करी, "महाराज, मेरी खोड़ छुटावो।" भगवान उत्तर दियो—

हर सैं मिली हालती घोड़ी।
मोत नहीं तो चाल मकोड़ी॥
न्हासी नहीं तो धोसी पांव।
मरसी नहीं तो आसी ताव॥

(मकोड़ी नांव री तळाई रो पाणी भोत खराब हो, जे कोई बो पाणी पी लेवतो तो प्राणां पर आ बणती।)

(१८)

एक बारठ जो नै ठाकर भोत बूढी सांड भेंट करी। बारठजी सांड कनैं जाकर बोल्या—"ए सांड, तूं तो कैरू-पांडवां के बखत की सी दीखै ? सांड पडूत्तर दियो—

जद हेमाचळ गोरां ब्याही, जद मनैं सांड टोरड़ी जाई।
जद भागीरथ गंगा आणी, जद मैं होई टोड तिहाणो।
जद पणिहारां पोहकर कीन्यो, जद मैं दूध घणोई दीन्यो।
जद पुसगर रै बन्धी पाळ, जद मैं चरती चारे री दो फाल।
जद होया हा अरजन भींव, जद मैं चरती वारा गांवांरी सीव।
बीकानेर बसाई बीकै, जद मैं ही टोळ में टीकै।
जळक जुळक काई फांकै आल, कैरू पांडूतो होया है काल।

(१६)

एक अचम्भो म्हे सुण्यो, घर तेल्यां कै पास।
तीन चरण धरती रह्या, चौथो चढ्यो अकास॥

—(कुत्ता)

(२०)

सारंग ले सारंग उड्यो, सारंग बोल्यो आय।
जे सारंग मुख से कवै, तो मुख का सारंग जाय॥

—(मोर-सांप-बादल)

(२१)

जड़ सूकी ऊपर हर्‌यो, पान पान मैं चंद।
मैं तनैं पुछूं हे सखी, बादल बरण सुरंग॥

—(मोर)

——

विविध

मरुधरा री महिमा लोकवाणी में सुणो—

नर चंगा, नारी चंगी, चंगा जो पहरै वेस।
भाग बड़ा तो मानवी, पावै मरुधर देस॥

(२)

ढोलो मरवण नैं पूछ्यो—

खेजड़ रूंख, भंरुट खा, ऊंडो जळ वीयांह।
ढोलो पूछै मरवण, पूगळ रूप कियांह॥

मरवण उत्तर दियो—

किरसन छोड़ी गोपिका, गोकल री गलियांह।
ढूंढत ढूंढत स्याम नैं, थक बैठी थलियांह॥

(३)

गुलाब री साखा पर सोवणा फूल देखर एक जणो बोल्यो—

कक्का सुण करतार तूं, ऐसी तेरी भूल।
कंटक झाड़ गुलाब रो, जिण पर ऐसा फूल॥

ओ बोल सुणर गुलाब उत्तर दियो—

सस्सा सीस कटाय कर, सिर पर मेली धूळ।
इतरा दुखड़ा मैं सह्या, जद पाया ऐसा फूल॥

(४)

एक बर सगळा नाज भेळा होयर आप-आप रा गुण बताया—

चावळ कैवै, मैं उजळो धान।

आए गए रो राखूं मान॥

गीवूं कैवै, मेरो चीऱ्यो पेट।

मन्नैं खावै राजा सेठ॥

चणो कैवै, मेरो तीखो नाक।

मैं सुधारूँ बत्तीस पाक॥

जो कैवै, मेरी तीखी अणी।

मनैं खावै उण रो रामधणी॥

बाजरो कैवै, मैं पीळो जरद।

मन्नैं खावै मूंछयाळा मरद॥

मूंग कैवै, मैं हऱ्यो घणो।

भरे बजारां फिऱ्यो घणो॥

मोठ कैवै, मैं गोळ मटोळ।

भरी सभा में बावूं टोळ॥

(५)

एक जणो सिंधड़ै (खाल रै कुप्पै) नैं कैयो—

"सूको रैग्यो सिंधड़ा, सदा तेल रै संग।" सिधड़ो पाछो उत्तर दियो—

सूको रैयो तो मैं रैयो इंमें मीन न मेख।

ओर खाल सै नरम हुवै, पण मेरी करड़ाई तो देख॥

(६)

एक आदमी दिसावर जावै हो। एक सूण चोखो हुयो पण ओर सूण न्यावू हुया। सूणां रो विचार स्याणें नें पूछूयो, जद उत्तर मिल्यो—

लच्छण एक कुलच्छण च्यार।
झुग्गो बिछायां सूती नार॥
आगं अरंड अर पीछै पोळो।
के करैगी बिल्ली धोळी॥

(७)

दो साध बातां करै हा। एक जणो सवाल कस्यो—

अकड़ बुझै फक्कड़ नैं, आकर बात अड़ी।
ऐरण हथोड़ो अ संडासी, पहली कुण सी घड़ी॥

दूसरो साध जबाब दियो—

विरमा एरण, बिसनू हथोड़ो, संकर साध संडासी।
ईं तीनवां री विध तो स्याणा, एक सागै ही खासी॥

(८)

खट-दरसण इण भांत गणाया है—

जोगी, जंगम, सेवड़ा, सन्यासी दरवेस।
छठा दरसण ब्रह्मका, यां में मीन न मेख॥

एक दूजो दूहो इण भांत भी है—

ब्राह्मण, सेताम्बर वळे, जोगी जंगम जाणि।
दान सन्यासी सोफिया, खट-दरसण वाखाणि॥

(९)

एक काणो गुवाळियो तळाब पर भैंस्यां चरावै हो। बो एक विरछ रै नीचै पांख चुगै अर निगै राखै, कदे भैंस पाणी में न जाव। संयोग सैं मुंह ऊपर कस्यो अर मोरिए री पांख सीधी देखण हाळी आंख में पड़ी। गुवालियो आंख पर हाथ धर कर बोल्यो—

पांख चुगतां आंख फूटी, फूटी आंख दांणी।
दोनूं आंख बराबर होगी, जा ए भैंस पाणी॥

(१०)

एक लुगाई आप रै धणी रा धोळा केश देखर बोली—

धोळा आया बालमां, बहळी लागी खोड़।
हंसै नगर री नारियां, दे ताळी मुख मोड़॥

आ बात सुणर बो पडूत्तर दियो—

धोळ बधावो हे प्रिया, मोत्यां थाल भरेह।
जोबन नदी अथग्ग जळ, ऊतरियां कुसलेह।

(११)

करणावत रजपूतां री कोटड़ी में एक बिळाव हीलगो अर उजाड़ करै लागो। चेष्टा करणै पर एक बर बिलाव पकड़ाई में आयगो जद् करणांवतां उण नैं बांध्यो। रोहीमें ले जायर मास्यो। बारठजी करणावतां री कीरत इण भांत गाई—

कड़ बांधी काठो कस्यो,
गळ में घाली लाव।

करड़ो कूंटी करणावतां,
मारयो बोड - बिलाव ॥

(१२)

कवि री वाणी में जैसळमेर रो बखाण सुणो—

घोड़ा कीजे काठ रा, पिंड कीजै पाखाण।
वसतर कीजे लोहरा, जद देखो जेसाण ॥

(१३)

एक भाट नैं जजमान घोड़ी देई। घोड़ी छोटी सी ही अर भाट लांमो हो। घोड़ी पर चढ़ कर भाट बोल्यो —

थे म्हानैं घोड़ी देई चढ़ कर करां सलांम।
म्हारा पग ऊँचा करया, थारा करसी राम ॥

(१४)

एक बिरामण आसपास रै गांवां में चून (आटो) मांगर आपरो काम चलातो। जद बिरामण बूढो हुयो तो गांव रा लोग कैयो कै दादा, अब तो कोई तीरथ कर। इतरो सुणर आसपास रै गांवां नैं ही तीरथ रूप बतावतो बिरामण बोल्यो—

हरियासर तो हर री पैड़ी, गिड़गचियो गिरनार।
मालपरो तो मथरा नगरी, कंतलसर केदार ॥

(१५)

एक ढाढी बीकानेर वाटी रै खारिये, जसरासर अर पोटी

तीनूं गावां में गयो पण कठें ही रोटी री विध कोनी बैठी, जद बोल्यो—

उरलै पासै खारियो, परलै पासै पोटी।
जे जसरासर जावै बटावू, तो पल्लै बांध ले रोटी॥

(१६)

एक ठाकर ढाढी नैं एक घणो बूढो ऊँट दियो। जद ढाढी यूं अरज करी—

दुवारै आगै तपसी तापं, दांतां सै लपसी खाय न जाई।
चीलां रै घर चाव हुयो, अर कागां रै घर बंटी बधाई।
बीसूं कूकर लारै लाग्या, सिंझ्या गादड़ रोळ मचाई।
अरज मेरी सरकार सुनो, एक ऊंट दियो कै विराध लगाई।

(१७)

एकठाकरां नै आप री कीरत सुणनै रो बडो चाव हो पण देण-लेण में घणा काठा हा। एक बर एक डूम नै आपरो पुराणो कुड़तो राजी हुयर दियो। कुड़तो थोड़ ही दिनां में फाटगो, जद डूम ठाकरां नै इण भात कीरत सुणाई—

कविगण भाखै क्रीत, देखकर बडा दुवारा।
दूहै रोटी दोय, गीत का आना ग्यारा।
सुणकर दूहो गीत, सुरांपत होज्या सूरा।
वकसै कपड़ो दान, पांच दिन चालै पूरा॥

(१८)

एक राजघरानै में कोठारी बडो दैड़ै सुभाव रो हो। कोई चिट्ठी तुलावण आवतो जद कम तोलतो अर भगड़ो करतो। लोग उणरी कीरत बखाणी—

बतलायां बोलै नहीं, जे बोलै तो आडो।
भलो बठायो ठाकरां, यो चिमक च्यानणो पाडो॥

(१६)

राजा भोज साथियां रै सागै सिकार नै चाल्या। गैलै में एक कूड्योड़ी डोकरी आवै ही। राजा भोज बोल्यो—

नीची नीची डोकरी, कै रा काढै खोज?

डोकर पडूत्तर दियो—

मेरै सैं तेरै गई, सुन रै राजा भोज।
तेरै सैं भी जायगी, जैं रो कोनी लाधै खोज॥

(२०)

नरसिंह भगवान की महिमा सुणो—

जणणी जण्यो न विध पड़यो, रवि की पड़ी न दीठ।
पलक मांय परगट भयो, जाणै सारी सीठ॥

—

(२१)

सीयाळै, गर्मी अर बरखा रुतां रा गुण सुणो—

सिरख पथरणै पौढणो, तरुणी तर ताम्बूल।
तातो जीमण तावड़ौ, सीयाळै अनुकूल ॥ १ ॥
कोयल कुहकै, फूल में, मधुर सुगंधी होय।
आंबारस शीतल मधुर, प्यारी लागै जोय ॥ २ ॥
धरती सींचै मेहजद, धान नीपजै जाण।
धरम धाम सुख भोग में, संचारै नव प्राण ॥ ३ ॥

(२२)

कवि वाणी में एकादसी कै वरत को हाल सुणो—

भोर उठ स्नान कियो, सेर पक्को दूध पीयो,
सैंकड़ी सिंघाड़ा खाया या तो बात आदी है।
दोफारी में भंग छाणी, सेर दूध पाव पाणी,
अणगिणती अमरुद खाया आई नहीं बादी है।
पाव सेर बरफी खाई, पाव सेर पेड़ा खाया,
सेर सक्करगन्दी खाई जीवड़ो सुवादी है।
कहै ब्रह्मदत्त, ऐसो होय नित्त व्रत यारो,
करी तो एकादसी पण द्वादसी की दादी है ॥

(२३)

एक मोट्यार आप की लुगाई नैं लारलै आसण ऊँट पर बठायां गाँव सैं निकळयो। आगे जातां वाँनैं आगलै आसण पर एक लुगाई अर लारलै आसण पर एक मोट्यार चढ़्या मिल्या।

पहलो मोट्यार बोल्यो—

ऊँट चढ़्या गांव से निकळया, भला मनाया सूण।
म्हे आपस में लोग लुगाई, थे आपस में कूण॥

इतरी सुणकर दूसरो मोट्यार बोल्यो—

आंकै म्हांकै हेत घणो है सीर बवं है खेती।
इं की सासू मेरी सासू, दोनूं हैं मा-बेटी॥

(सुसरो अर बेटे की बहू)

(२४)

एक जोध जुवान लड़की गांव सै चाल कर सहर की दुकान में चीज बिसावण नं आई। दुकानदार अचपळो हो। वो लड़की नैं बोल्यो—

बालक-पोखण पिव रमण तिरिया हेंदो ते।
दाड़म ज्यूं यो पाकियो, तूं थोड़ो मनैं दे॥ (स्तन)

दुकानदार को बोल सुणकर लड़की उत्तर दियो—

नीच घरां में नीपजै, ऊँच घरां में जाय।
जे थानैं यो चायजै, तो पहली वो खाय॥ (जूतो)

लड़की को जबाब सुणकर दुकानदार चुप होयो।

(२५)

एक आदमी मेळ गयो पण पाछो आयो जद उदास हो। मारग में एक उदासी को कारण पूछ्यो तो बोल्यो—

मेळै गया निरास, मन मेंळू मिळिया नहीं।
मिळिया पांच पचास, जासूं मन मिळिया नहीं॥

※ पांच ऐतिहासिक प्रवाद

—रानी लक्ष्मीकुमारी चुण्डावत

(वरदा वर्ष २, अंक ५ से साभार)

१—रंगरेला :

रंगरेला कवि का वास्तविक नाम वीरदासजी था। ये वीठू शाखा के रोहड़िया चारण थे। इनका जन्म मारवाड़ के सागड़ गांव में हुआ था। इन्होंने "जैसलमेर रो जस" नामक काव्य की रचना की थी। जिसमें उन्होंने जैसलमेर का इतना सच्चा चित्रण किया कि वहाँ के रावल हरराजजी ने नाराज होकर इन्हें कैद में डाल दिया। बीकानेर के राजा रायसिंहजी ने इन्हें वहाँ की कैद से छुड़ाया। इनका नाम रंगरेला कैसे पड़ा, इसके बारे में राजस्थानी में निम्नांकित प्रवाद प्रसिद्ध है।

बारहठ वीरदासजी में काव्य रचना करने की प्रतिभा प्रकृति-प्रदत्त थी। उन दिनों जालोर पर नवाब कमाल खाँ का अधिकार था। कमालखाँ बड़ा साहित्य-प्रेमी और कवियों की कद्र करने वाला था। दूर-दूर से कवि इनके यहाँ आया-जाया करते थे। वीरदासजी भी अपनी काव्य-प्रतिभा कमालखाँ को दिखलाने जालोर गये। उन्होंने सोचा, "मार्ग में कपड़े मैले हो गये हैं, इन्हें धोकर ही शहर में प्रवेश करना चाहिए।" जालोर के बाहर ही एक कुंवे पर बैठकर वे अपने कपड़े धोने लगे।

नबाब कमालखाँ घोड़े पर सवार होकर उधर से निकला और उसी कूंवे पर अपने घोड़े को पानी पिलाने लगा। वीरदासजी मुक्कों से कूट-कूट कर अपने कपड़े धो रहे थे। पानी के छींटे उछल कर कमालखाँ के घोड़े को लगे। कमालखाँ ने डाँटकर कहा, "ओ कुट्टण, कपड़े कूटना बन्द कर।"

यह सुनते ही वीरदासजी ने मुड़कर देखा सवार की पोशाक, हथियार, रोबदार चेहरा और घोड़े को देखकर उन्होंने अनुमान लगा लिया कि यह व्यक्ति नबाब कमालखाँ ही है। वीरदासजी कुछ बोले नहीं। फिर जोर-जोर से कपड़े कूटने लगे। अपनी यह अवज्ञा देख कमालखाँ को क्रोध आ गया। उसने डपट कर कहा, "ओ कुट्टण, उठ यहाँ से।"

कुट्टण शब्द सुनते ही वीरदासजी ने उसी समय कविता में उत्तर दिया। कविता के पहिले शब्द थे—

"कुट्टण तेरा बाप"

बाप के लिए "कुट्टण" शब्द को सुनते ही कमालखाँ का हाथ तलवार की मूठ पर जा पड़ा। मूठ पर हाथ पहुँचते-पहुँचते कवि ने पद पूरा किया—

"जिकै लाहोरी लुट्टी"

बाप के लाहोर लूटने की ख्याति सुन कमालखाँ का हाथ वहीं मूठ पर रुक गया। वीरदासजी ने फिर से ललकार कर पंक्ति बोली—

"कुट्टण तेरा बाप"

ऐसा सुनते ही कमालखाँ की आँखों में फिर से रोष की लालिमा छा गयी।

उसकी आँखों में देखते हुए वीरदासजी ने अधूरी पंक्ति को पूरा किया —

"जिकै सिरोही कुट्टी"

अर्थात् कुट्टण तो तेरा बाप था जिसने सिरोही को कूटा था। ऐसा सुनते ही कमालखाँ के आँखों में रोष की जगह गरूर झलकने लगा। घोड़े की लगाम उसने ढीली छोड़ दी। वह उत्सुकता से कवि के मुँह की ओर देखने लगा कि आगे क्या कहता है। वीरदासजी बोलने लगे —

कुट्टण तेरा बाप, जिकै लाहोरी लुट्टो।
कुट्टण तेरा बाप, जिकै सिरोही कुट्टी ॥
कुट्टण तेरा बाप, जिकै बायड़गढ़ बोया।
कुट्टण तेरा बाप, जिकै धूंमड़ा धवोया ॥
कूटिया प्रसन्न खागां किता, झूंझै अर साँके धरा।
मो कुट्टण न कह कमालखाँ, तूं कुट्टण किणियागरा ॥

कुट्टण तेरा बाप था जिसने लाहोर और सिरोही को कूटा। तेरा बाप ही कुट्टण था जिसने बाहड़मेर और धूंमड़ा को कूटा।

तू ने अपनी तलवार से शत्रुओं को इतना कूटा है कि पृथ्वी तुझसे डर रही है।

ओ कमालखाँ तू मुझे कुट्टण मत कह। कुट्टण तो तू खुद है।

कमालखाँ के कानों में कविता-सुधा बरस रही थी। वह एक-एक शब्द पर झूम रहा था। उसने तो कुट्टण शब्द का प्रयोग गाली के रूप में किया था पर सरस्वती पुत्र चारण कवि ने उसी

"कुट्टण" शब्द को उसके पिता की और उसकी स्वयं की यश-प्रशस्ति के रूप में बदल उन्हें अलंकृत कर दिया।

कमालखाँ अपने पर काबू न रख सका। कविता समाप्त होते-होते घोड़े से कूदकर उसने कवि को छाती से लगा लिया और वह बोला—

'कौन कहता है कि तुम कुट्टण हो भाई। तुमने तो रंग का रेला बहा दिया। तुम तो रंगरेला हो।" उसी दिन से वीरदासजी रंगरेला नाम से प्रसिद्ध हो गये। साहित्य और इतिहास इन्हें रंगरेला नाम से ही सम्बोधन करता रहा है।

१. बायड़गड़—बाड़मेर आजकल राजस्थान और पाकिस्तान के सीमा पर स्थित है।
२. धूंमड़ा— पहाड़ी पर बना हुआ एक किला है। इसके आस-पास का इलाका चौरासी कहलाता था तथा यहाँ मीणों की बस्ती थी। आजकल भाद्रा जून बसा हुआ है उसी के पास यह स्थान है।

२—छः कराड़ पसाव :

बीकानेर के राजा रायसिंहजी की पुत्री का विवाह आंबेर के राजा मानसिंहजी के साथ हुआ था। मानसिंहजी और राय-सिंहजी ने साथ रहकर अटक के युद्ध में अकबर बादशाह को अच्छी सेवायें दी थीं। राजा रायसिंहजी बड़े काव्य प्रेमी थे। कवियों को दिल खोलकर इन्होंने करोड़ों रुपयों का दान दिया था।

रायसिंहजी ने अपने जीवन काल में पांच सौ गाँव, बीस

हजार हाथी, पचास हजार घोड़े, सौ लाख पसाव और तीन करोड़ पसाव कवियों को दिये। एक करोड़ पसाव दुरसा आढ़ा को, दूसरा लखा बारहट को और तीसरा शंकर बारहट को दिया। तीसरा करोड़ पसाब सवा करोड़ की लागत का था। यह कवित्त इसकी साक्षी देता है—

पाता लाख पसाव, कमंध सत सहस जु कीना।
कमां सवा मुर कोड़, दुरस लख संकर दीना॥
सिंधुर दोय सहस्स अरध लख वाजी अप्पे।
सीरोही सुल्तांण, दूद अरबुद्ध समप्पे॥
जोधांण पाट प्रतापे जदन, सुजस जिते सिस भांण रे।
सत पंच उदक दीना सुपह, कारण जस कलीयांण रे॥

दुरसा आढा इस समय का ख्याति प्राप्त कवि था। उसके काव्य पर रीझ कर राजा रायसिंहजी ने करोड़ पसाव प्रदान किया था।

अपने पिता के इस कार्य पर उनकी पुत्री (राजा मानसिंहजी की पत्नी) ने बड़े गौरव का अनुभव किया। उन्होंने भारी जलसा मनाया। राजा मानसिंह की डेढ़ हजार स्त्रियाँ थी, उन सभी को आमन्त्रित किया। अन्तःपुर में दरबार लगाया। राजा मानसिंहजी से उस दरबार में पधारने की अर्ज की। रायसिंहजी की पुत्री जलसा कर अपनी सौतों तथा ससुराल वालों को दिखलाना चाहती थी। राजा मानसिंहजी जनाना दरबार में आये। उन्होंने पूछा, "यह जलसा किस बात की खुशी में मनाया जा रहा है।"

बीकानेरीजी ने बड़े गौरव के साथ कहा, "मेरे पिता ने दुरसा आढ़ा को करोड़ पसाव देकर राजस्थान में अपना सिर सबसे ज्यादा गौरवान्वित किया है। कौन है, ऐसा रांजा दूसरा, जिसने करोड़ पसाव दिया हो ?"

राजा मानसिंहजी ने उस वक्त चुपचाप यह बात सुन ली। जलसा हो जाने के बाद बाहर जाकर उन्होंने अपने प्रधान को आज्ञा दी, "सवेरे मैं उठूं, उस समय छः चारण कवि और छः करोड़ पसाव तैयार मिले।"

सवेरे आज्ञा अनुसार सब प्रबन्ध था ही। छः करोड़ पसाव देकर उन्होंने दातुन किया। निम्न पद में उन कवियों के नामों का उल्लेख है –

पोळपात हरपाळ, प्रथम प्रभतां कर थप्पे।
दळ में दासो नरू, सहोड़ घण हेत समप्पे॥
ईसर कसनो अरध, बड़ी प्रभता बधाई।
भाई डूङ्गर भणे, क्रीत लख मुखा कहाई॥

अई-अई मान उनमान पहो, हाथ धनो धन धन हियो।
सूरज घड़ीक चढतां, समो, दे छः करोड़ दांतण कियो॥

इसके बाद भोजन के लिए जब राजा मानसिंहजी अन्तःपुर में गये तो बीकानेरीजी को सुनाकर उनकी एक सौत ने कहा, "लोगों के यहाँ तो एक करोड़ पसाव देने पर भी जलसे किये जाते हैं। यहाँ छः-छः करोड़ पसाव दे दिये पर जबान से एक शब्द भी नहीं कहा।"

यह सुनकर बीकानेरीजी खिसिया तो गई पर झट से सम्भल कर बोली, "ऐसे या तो मेरे पति हैं या मेरे पिता। राजस्थान में कोई दूसरा हो तो बताओ।"

३—चांदौड़ी रुपया :

उदयपुर के महाराणा भीमसिंहजी की बड़ी बहिन चांदकुंवरजी की सगाई जयपुर के महाराजा प्रतापसिंहजी के साथ हुई। ये वे ही महाराजा थे जिन्होंने जयपुर का प्रसिद्ध हवामहल बनवाया था। ये बड़े काव्य मर्मज्ञ और कला प्रेमी थे। इन्होंने कई काव्य ग्रन्थ रचे हैं। इन्हीं के शासन काल में जयपुर की चित्रकारी का उत्कर्ष हुआ। सगाई के कुछ मास उपरान्त ही दुर्भाग्यवश इनका देहान्त हो गया। इनके स्वर्गवास के समाचार मिलते ही चांदकुंवरजी ने माता से कह दिया—"आज से मैं अपना जीवन विधवा के समान बिताऊँगी। जब मैं उनकी वाग्दत्ता हो गई तो सदैव के लिए उनकी ही हो गई।" चांदकुंवरजी आजन्म प्रतापसिंहजी के नाम पर क्वांरी रही। उनका व्यवहार जयपुर के राजघराने के साथ ऐसा रहा मानों उनका विवाह हो गया हो। वहाँ वालों के साथ उनका पत्र व्यवहार होता था। जयपुर के परिवार सम्बन्धी मामलों में इनसे पूछा जाता और ये अपनी राय देतीं। आदमी आदि आते जाते रहते। जयपुर के महाराजा जगतसिंहजी भी इन्हें अपनी माता के समान मानते और अन्य राजमाताओं की भाँति व्यवहार करते। वे उनके हाथ खर्च के लिए जयपुर से रकम भेजते। चांदकुंवरजी के हाथ के लिखे कई महत्वपूर्ण पत्र जयपुर

महाराजा के निजी संग्रह में अभी तक मौजूद हैं। चाँदकुंवरजी उदयपुर में रहती थीं। वे दिल की बड़ी खेयाज और गरीवपरवर थीं और सैकड़ों व्यक्तियों का पोषण करती थीं। महराणा भी इन्हें बड़ा सम्मान देते थे। चांदकुंवरजी ने अपने नाम से सिक्का चलाया। यह चांदौड़ी रुपया कहलाता था। इस रुपये के बारह आने होते थे। मेवाड़ भर में इस सिक्के का खूब प्रचलन था। इनाम इकराम में यही रुपया दिया जाता था। सम्बत् १६८० तक बख्शीश इसी रुपये के हिसाब से दी जाती रही है। मेवाड़ में आदित्यगिरीजी नाम के एक अच्छे कवि हुए हैं। एकबार वे तीर्थयात्रा को जाने लगे तो महाराणा सज्जनसिंहजी ने उनके खर्च के लिए पाँच सौ रुपये बख्शे। बख्शीश में तो वहाँ चांदौड़ी रुपया ही दिया जाता था। इन्हे भी वही सिक्का मिला। उन्होंने सोचा बाहर जाने के लिए तो कल्दार रुपया चाहिए, चांदौड़ी तो चल सकता नहीं। इन्हें बटाने में रुपये के बारह आने ही हाथ आवेंगे। वे दूसरे दिन महाराणा से मुजरा करने गये तो व्यंगमय भाषा में यह दोहा कहा—

चांदबाई चाले नहीं, दूर सगा रे देस।
मन लाग्यो मेवाड़ सूँ, हरख्या फिरै हमेस॥

इस विनोद पूर्ण उक्ति पर महाराणा के साथ सारी सभा मुस्करा पड़ी और उसी समय पाँच सौ कल्दार रुपये देने का हुक्म दिया गया।

४— प्रति सीढ़ी एक हाथी और दस घोड़े :

बीकानेर के राजा रायसिंहजी के अटक के युद्ध में वीरता

और चातुर्य्य दिखाने पर अकबर बादशाह ने उन्हें गुजरात विजय के लिए भेजा। ये फौज मुसाहिब थे। अहमदाबाद के शासक अहमदशाह के साथ इनका घोर युद्ध हुआ। अहमदशाह जिस हाथी पर सवार था उस हाथी पर रायसिंहजी ने अपना घोड़ा कुदा कर वार किया। तलवार के एक ही प्रहार से हाथी की सुंड कट गई और दोनों दाँतुसल कटकर नीचे का जबड़ा कट गया। हाथी इस वार को सहन नहीं कर सका। उसका मुँह जमीन से जा लगा। उस समय रायसिंहजी ने बड़ी फुर्ति और साहस का काम किया। उन्होंने अहमदशाह को जीवित पकड़कर नीचे उतार लिया। उसे बन्दी देख गुजरात की सेना ने पाँव छोड़ दिये। अकबर की विजय हो गई। रायसिंहजी के भी अनेक घाव लगे। उनकी इस युद्ध में दिखाई हुई वीरता की सोहरत चारों ओर फैल गई। तब कन्या के लिए वर चुनते समय वर का सबसे बड़ा गुण, वीरता और दिलेरी देखी जाती थी। चितौड़ के महाराणा उदयसिंह ने रायसिंहजी के शौर्य्य का बखान सुन, अपनी पुत्री तथा वीरवर प्रताप की बहिन जसमादे का नारियल रायसिंहजी को भेज दिया।

रायसिंहजी विवाह के लिए चितौड़ आये। महाराणा चितौड़ की तलहटी से अढ़ाई कोस दूरी तक पेशवाई में आये। दूर-दूर से चारण आदि लोग इस विवाह में आये थे। रायसिंहजी ने उपस्थित कवियों को त्याग में एक लाख रुपये बाँटे। सं० १६३१ में माघ सुदी ५ को विवाह सम्पन्न हुआ। विवाह होने पर राजा

रायसिंहजी अपनी नवविवाहिता पत्नी से मिलने के लिए प्रथम रात्रि को चितौड़ के जनाना महलों में पधारे। जनानी ड्योढ़ी में घुसने पर ऊपर महल में जाने के लिए दो जीने थे। महाराणा के रनिवास की बडारण (दासियों की मुखिया) वहाँ खड़ी थी। रायसिंहजी एक सीढ़ी पर चढ़ने लगे तो बडारण ने अर्ज की—"ऊपर महल में जाने के लिए दो जीने हैं। हमारे यहाँ की परम्परा के अनुसार दामाद प्रथम मिलन के लिए अपनी पत्नी के महलों में जाते हैं तो इस जीने से होकर वे ही जाते हैं जो एक एक पेड़ी पर एक-एक हाथी कवियों को दान करते जाते हैं। इसलिए आप दूसरे जीने से चढ़कर ऊपर पधारें।" यह सुनते ही राजा रायसिंहजी ने कहा, "मैं इसी जीने से चढ़ूँगा।"

उस जीने में पचास पैड़ियाँ थीं। राजा रायसिंहजी एक-एक पैड़ी पर एक-एक हाथी और दस-दस घोड़े कवियों को दान करते हुए पचास पैड़ी पार कर ऊपर अपनी पत्नी के पास पधारे। उस प्रसंग का एक गीत इस प्रकार हैं—

रायसींघ चीतगढ़ राणा।
वरमाला लेवा जिण बार।
पदमण महल तलाक पंडता
जग चै नयण दिया जूथार॥
पदमण महल पोढ़तां पहली
अेरापत देतैं इक आग।
इलपत रासै चित आळोभै
नग नग पैड़ी दीना नाग॥

कवियों में दूदा आसिया, देवराज रतनूं, अखैजी बारहठ, लाखैजी बारहठ भूला साईंयां, गोंपे तूंकारो सिढ़ायच आदि प्रसिद्ध विद्वान चारण कवि थे।

५—कवि-वाणी का चमत्कार :

उदयपुर के महाराणा स्वरूपसिंहजी चितौड़ पधारे हुए थे। उनके साथ कई सामन्त थे। महाराणा किले पर विराजे थे। साथ वाले कई सामन्तों ने भी किले पर अपने डेरे लगा रखे थे। देवगढ़ के रावत रणजीतसिंहजी ने अपना डेरा तलहटी में लगा रखा था। उन्होंने अपने लिए लालरंग का डेरा लगाया। उसका लाल रंग का बाड़ा था और कंगूरों का रंग सफेद था।

इस रंग का डेरा शाही डेरा कहलाता था। इसे लगाना एक बड़ा अपराध था। पहले तो केवल बादशाह ही ऐसे रंग का डेरा लगाता था और कोई नहीं लगा सकता था। बाद में मुगल बादशाह के निर्बल हो जाने पर राजस्थान के राजा भी ऐसा डेरा अपने लिए लगाने लग गये। देवगढ़ रावत रणजीतसिंहजी का ऐसा डेरा लगाना तत्कालीन राज्य नियमानुसार एक गुनाह था। रावत रणजीतसिंहजी को अपनी ताकत का अभिमान ज्यादा था। उन्होंने कहा—"हम लाल डेरा क्यों नहीं लगावें? राणाजी लगा सकते हैं तो हम भी लगा सकते हैं।"

महाराणा स्वरूपसिंहजी ऊपर किले में घूम रहे थे। उनकी नजर नीचे तलहटी में पड़ी और लाल डेरा, सफेद कंगूरों वाला

नजर आया। उन्होंने सोचा, "प्रबन्ध करने वालों ने इस विचार से कि कहीं महाराणा नीचे तलहटी में रहना पसन्द करें, लाल डेरा लगा दिया है।" महाराणा बोले, "हम तो यहाँ ऊपर ही रहेंगे, नीचे लाल डेरा व्यर्थ में क्यों लगा रखा है?"

रणजीतसिंहजी के लाल डेरा लगाने से कई लोग जले हुए तो थे ही। उन्होंने अर्ज की, "बड़ो हुकम, यह डेरा तो देवगढ़ रावतजी का है।"

ऐसा सुनते ही महाराणा क्रोध से आग-बबूला हो गये और बोले, "अच्छा, यहाँ तक? समझ लूंगा।" सुनने वालों में से किसी ने आकर रणजीतसिंहजी से सारे समाचार कहे। रणजीतसिंहजी समझ गये, आगे क्या होने वाला है। उन्होंने अपने लश्कर को देवगढ़ चले जाने को कहा और वहाँ से रवाना हो गये। महाराणा ने भी दूसरे ही दिन अपना डेरा उठा दिया और उदयपुर चले गये।

संयोग की बात महाराणा के लश्कर और रावत रणजीतसिंहजी की जमीअत (ठिकाने की सेना) का मार्ग में आमना-सामना हो गया। रणजीतसिंहजी पालकी में जा रहे थे। सामने से महाराणा की सवारी आई। चाहिए तो यह था कि रणजीतसिंहजी महाराणा साहब के सामने पालकी में नहीं बैठे रहते लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। जिस तरफ महाराणा का हाथी था उस ओर का पालकी का परदा डाल दिया। महाराणा का

हाथी पास से होकर निकला। रणजीतसिंहजी की इस अवज्ञा ने महाराणा के क्रोध में घी का काम किया।

उन्होंने उदयपुर पहुंचते ही देवगढ़ पर सेना भेजने का हुक्म दे दिया। फौज रवाना हुयी। कूच का नक्कारा बजा। महाराणा के दरबार में कवि राव बख्तावर रहते थे। उन्होंने सेना चढ़ती देखी तो सोचा, यह उचित नहीं। इस गृह-कलह का नतीजा अच्छा नहीं होगा। इसी तरह के गृह-कलह के फल मेवाड़ चख चुका है। उन्होंने वाक्चातुर्य का सहारा लिया और उसी समय कवित्त रचकर महाराणा को सुनाया—

जरैं ही जंजीरन तैं द्वारकी उदारता दें,
हिलैं निज दल के संहार कीजियत है।

कानन विकाटन पै महानद घाटन में,
भूरज कपाटन पै हूल दीजियत है।

बखत भनन्त भूमिपालन की रीति यह,
रूद्रता प्रचंड पै सदा ही रीझियत है।

एक मतवालो होय आंगछ न मानै, कहा,
दुरद दरबारन तें दूर कीजियत है।

(यदि एक हाथी मतवाला होकर अंकुश नहीं मानता है, तो क्या इसे निकाल थोड़े ही दिया जाता है ? ऐसे मतवाले हाथी ही समय पर काम आते हैं। वोहड़ जंगलों में वेग से चढ़ी हुई

महानदियों में, मतवाले ही आगे बढ़ते हैं। तीक्ष्ण भाले जड़े दुर्ग के कपाटों पर मदोन्मत्त हाथी को ही हुला जाता है। निरंकुश मस्त हाथी को निकालना नहीं चाहिए। उसका तो उपयोग कर लेना चाहिए। राजागण तो प्रचण्ड बाहुबल वालों की कद्र करते ही आये हैं। यदि आपका भी एक सामन्त ऐसा मदोन्मत्त हो गया तो उसे समाप्त करने की चेष्टा न करें। देश के विपद् के समय में ऐसे ही मदोन्मत्त आगे बढ़ेंगे।)

कवि की उक्ति ने जादू का काम किया। उसी समय महाराणा ने सेना को रोक देने का हुक्म दे दिया।

—०—

लोक सुभाषित

प्रीत बिहूणी राख लुगाई, हेत बिहूणो राख सगो।
आग बिहूणी राख तमाखू, पाघ बिहूणो राख भुगो।

❀

दांतण मिंत पिछाणिये, सगो सांकड़ी बार।
तिरिया नै पिछाणिये, जद निरधन भरतार॥